# सुन्दरलाल पटवा शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, मन्दसौर, मध्य प्रदेश

Email:deanspgmcmandsaur@gmail.com
Website: www.spgmcmandsaur.org


ई-निविदा विज्ञप्ति क्रं.02/एसपीजीएमसी, मंदसौर/डीएमई/2025 मंदसौर,दिनांक 24/05/2025

# 2025 - 26

## (प्रथम निविदा आमंत्रण)

सुंदरलाल पटवा शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय मंदसौर के महाविद्यालय में लगने वाली लेखन सामग्री (स्टेशनरी) क्रय करने हेतु खुली प्रथम ई-निविदा का आमंत्रण।

निविदा प्रपत्र का मूल्यः 1000+GST/-



DEAN
Sunder Lal Patwa
Govt. Medical College
MANDSAUR (M.P.)

## सुंदरलाल पटवा शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय मंदसौर के महाविद्यालय में लगने वाली लेखन सामग्री (स्टेशनरी) क्रय करने हेतु खुली प्रथम ई-निविदा

सुंदरलाल पटवा शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय मंदसौर के महाविद्यालय एवं महाविद्यालय से संबंद्ध चिकित्सालय में लगने वाली लेखन सामग्री (स्टेशनरी) क्रय करने हेतु खुली प्रथम ई-निविदा का आमंत्रित की जाती है। निविदा दस्तावेज मध्यप्रदेश के e- procurement portal www.mptenders.gov.in से रू. 1000/- एवं नियमानुसार टेक्स जमा कर Online क्रय की जा सकती है । निविदा के संबंधित विवरण निम्नानुसार है:-

| | | |
|---|---|---|
| 1 | निविदा पत्रक की उपलब्धता | निविदा पत्रक वेबसाइट www.mptenders.gov.in से रू.1000+GST/-जमा कर डाउनलोड किया जा सकता है । |
| 2 | कार्य अवधि | 1 वर्ष या कार्य संतुष्ट पाए जाने पर एक और वर्ष (2026-27 कुल 02 वर्ष। |
| 3 | ई .डी.एम. | रूपये 50,000/- (अंकन - पचास हजार रूपये) |
| 4 | निविदा पत्रक की ऑनलाईन उपलब्धता तिथि व समय | 26-05-2025; 11:00 am onwards |
| 5 | प्री बिड मीटिंग तिथि व समय- | 28-05-2025; 03:00 pm to 4:00 pm |
| 6 | निविदा जमा करने की प्रारंभ तिथि व समय | 26-05-2025; 12:00 noon onwards |
| 7 | ऑनलाईन निविदा जमा करने की अंतिम तिथि व समय | 16-06-2025; till 05:00 pm. |
| 8 | तकनीकी निविदा खोलने की तिथि व समय | 17-06-2025; till 10:30 am. |
| 9 | वितीय निविदा खोलने का तिथि व समय | निविदा के तकनीकी मुल्यांकन पूर्ण होने पर केवल उन्ही निविदा कारों की वितीय निविदा खोली जायेगी जो तकनीकी मुल्यांकन में सफल हुए है ।<br>18-06-2025; till 10:30 am. |

नोट-

1) निविदा अभिलेख का मुल्य जमा कर वेबसाइट www.mptenders.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है।

2) निविदा में संशोधन/परिवर्तन यदि कोई होगा तो उससे केवल वेबसाइट www.mptenders.gov.in पर ही प्रकाशित किया जायेगा।

Randhi

अधिष्ठाता
सुन्दरलाल पटवा शासकीय चिकित्सा
महाविद्यालय, मंदसौर

# लेखन सामग्री (स्टेशनरी) क्रय करने हेतु ई-निविदा के नियम एवं शर्तेः-

1. सुंदरलाल पटवा शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, मंदसौर के महाविद्यालय के लिए लेखन सामग्री (स्टेशनरी) क्रय करने हेतु वर्ष 2025-26 (1 वर्ष या कार्य संतुष्ट पाए जाने पर वर्ष 2026-27 कुल 02 वर्ष) के लिए ई- निविदा आमंत्रित की जाती है।
2. ऑनलाईन निविदा प्रपत्र क्रय करने का मूल्य रू. 1000+GST/- (रू. एक हजार एवं जीएसटी मात्र) निर्धारित है। यह किसी भी स्थिती में वापसी योग्य नहीं है।
3. निविदाकार द्वारा निविदा प्रपत्र का मूल्य ऑनलाईन जमा कर निविदा अभिलेख, वेबसाइट www.mptenders.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है। धरोहर राशि जमा नहीं करने वाले निविदाकार की निविदा पर विचार नही किया जायेगा। धरोहर राशि पर कोई ब्याज देय नहीं होगा।
4. निविदाकर्ता को अग्रिम धरोहर राशि (Earnest Money Deposit) रू.50,000/- (रूपये पचास हजार रूपये मात्र) ऑनलाईन जमा करनी होगी। सफल निविदाकार की धरोहर राशि निष्पादन प्रतिभूति (Performance Guarantee) की राशि जमा करने तक सुरक्षित रहेगी। असफल रहे निविदाकर्ताओं को अथवा निविदा प्रक्रिया के असफल होने पर निविदा धरोहर राशि नियमानुसार संबंधितों को ऑनलाईन वापिस की जावेगी।
5. निविदाकार को शासकीय कार्यालय में लेखन सामग्री (स्टेशनरी) प्रदाय करने संबंधी अंतिम तीन वर्षों में से किन्हीं भी दो वर्षो का अनुभव प्रमाण पत्र एवं कार्य आदेश की छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा।
6. निविदा की अवधि प्रथमतः 01 वर्ष एवं कार्य संतोषपद पाये जाने पर 01 वर्ष ओर कुल 02 वर्ष या नवीन निविदा स्वीकृत होने तक रहेगी ।
7. प्राइस बिड केवल ऑनलाईन ही भरी जायेगी तथा भारतीय मुद्रा में ही स्वीकार्य होगी।
8. कृपया प्राईस बिड भरने के पहले समस्त दस्तावेज एवं स्पेशिफिकेशन ध्यान पूर्वक पढ़ एवं समझलें, उसके पश्चात ही निविदा में भाग लें।
9. निविदा प्रपत्र के साथ सक्षम अधिकारी द्वारा जारी अभिलेखों की अभिप्रमाणित छायाप्रतियां चैक लिस्ट में दिये क्रमानुसार संलग्न करना आवश्यक होगा।
10. निविदाकार को ऑनलाईन क्रय किये हुये निविदा प्रपत्र एवं उसके साथ संलग्न दस्तावेजों के प्रत्येक पृष्ठ पर अपने हस्ताक्षर कर सील लगाकर एवं पृष्ठ क्रमांक का उल्लेख कर प्रस्तुत करना होगा।
11. निविदादाता द्वारा ऑनलाईन तकनीकी मूल्यांकन हेतु प्रस्तुत किये जाने वाले दस्तावेजों पर किसी भी प्रकार की कांट छांट स्वीकार नहीं की जावेगी।
12. फायनेंशियल (प्राइज बिड) ऑनलाईन ही प्रस्तुत करें।
    1. निविदा खोलते समय प्रथमतः निविदा खोली जायेगीं। उन्हीं निविदाकर्ताओं की वित्तीय निविदा खोली जायेगी जो तकनीकी बिड में सफल होगे।
    2. सशर्त निविदा अस्वीकार करने योग्य रहेगीं।
    3. अस्पष्ट व अपूर्ण आवेदन अस्वीकृत किये जावेगे।
    4. जिनकी निविदा स्वीकृत नहीं होगी उन निविदाकर्ताओं की अर्नेस्ट मनी (रु. 50,000/- मात्र) निविदा प्रक्रिया पूर्ण होते ही ऑनलाईन उनके खोते में लौटा दी जावेगी।
    5. यह ऑनलाईन प्रक्रिया 02 प्रकार की बिड निविदा प्रक्रिया होगी। प्रथम बिड प्रक्रिया में प्रपत्र की क्रय राशि ई.एम.डी. की राशि एवं तकनीकि निविदा से संबंधित दस्तावेज प्रस्तुत करना होगी। द्वितीय बिड में केवल वित्तीय निविदा होगी। प्रथम बिड में सफल होने पर ही निविदाकर्ता की द्वितीय निविदा खोली जावेगीं।
13. निविदा के अनुमोदित होने के उपरान्त निविदाकार द्वारा यदि आपूर्ति में हीला-हवाली या टाल-मटोल कर के विलम्ब किया जाता है, तो आवश्यकतानुसार एल -02 से एल-01 पर खरीदारी की जा सकेगी। यदि एल-02 फर्म एल-01 दर पर सामग्री सप्लाई करने हेतु सहमत नहीं होता है, तो एल-03 फर्म से एल-01 दर पर सप्लाई ली जा सकेगी। फिर



DEAN
Sunder Lal Patwa
Govt. Medical College
MANDSAUR (M.P.)

भी यदि सामग्री वाजार से क्रय करनी पड़ी जो अधिक भुगतान की वसूली एल-01 फर्म के देयको से वसूली जायेगी। इसके बावजूद यदि अधिक भुगतान की वसूली शेष रह जाती है जो जमा सुरक्षा निधि राशि 50,000/- से कटौती वं जायेगी तथा फर्म को ब्लैक लिस्ट कर दिया जावेगा।

14. देयको का भुगतान शासन से बजट प्राप्त होने व कोषालय से आहरण के पश्चात किया जावेगा जिसमें समय भी लग सकता है। किसी भी प्रकार का अग्रिम भुगतान नहीं किया जायेगा तथा किसी भी राशि पर ब्याज देय नहीं होगा।

15. सफल निविदाकार को कार्य प्रारंभ करने के पूर्व रु. 500/- के नॉन-ज्युडिशियल स्टाम्प पेपर पर मुलतः नोटरी सहित 15 दिवस के भीतर उपरोक्त शर्तों के अधीन अनुबंध पत्र निष्पादित करना होगा एवं अनुबंध निष्पादन पश्चात् कार्यादेश जारी होने के 07 दिवस के भीतर सामग्री की प्रदायगी प्रारम्भ करनी होगी।

16. निविदादाता द्वारा प्रस्तुत कोई भी दस्तावेज गलत या फर्जी पाये जाने पर उसकी निविदा निरस्त की जाकर उसकी धरोहर राशि राजसात कर ली जायेगी एवं उसका/उसकी संस्था का नाम काली सूची में डाल दिया जायेगा।

17. निविदादाता को फाईनेन्सियल बिड चाहे गये BOQ की एक्सेल शीट पर ही न्यूनतम दर भरकर ऑनलाईन अपलोड करना अनिवार्य होगा।

18. निविदादाता को दरे न्यूनतम दर प्रस्तुत करते समय उसमें करो (टैक्स) का स्पष्ट खुलासा करना अनिवार्य होगा एवं टैक्स पृथक से अंकित करना होगा।

19. ऑनलाइन दर सूची पर निविदादाता की फर्म का नाम एवं पूर्ण पता भरना अनिवार्य होगा ।

20. निविदादाता को इस आशय का प्रमाण पत्र देना होगा कि उसके द्वारा प्रस्तुत दरें अन्य किसी भी शासकीय अथवा प्राईवेट संस्था में प्रस्तुत दरों से अधिक नहीं है।

21. निविदादाता को जारी क्रय आदेश का न्यूनतम मूल्य रुपये 100/- होने पर भी स्वीकृत सामग्री निश्चित समयवधि में प्रदाय करना अनिवार्य होगी अन्यथा जमा धरोहर राशि राजसात कर ली जायेगी।

22. निविदादाता के देयक में से नियमानुसार आयकर कटौत्रा किया जायेगा जो कि उसे मान्य होगा।

23. निविदादाता द्वारा प्रदाय की गयी लेखन सामग्री (स्टेशनरी) कटी फटी होने पर वापस की जायेगी जो कि उसे स्वयं अपने व्यय पर स्टोर से उठावानी होगी एवं उसका कोई भी भुगतान देय नहीं होगा।

24. निविदादाताओं द्वारा दी गई दरों में निविदा अवधी के दौरान कोई भी परिवर्तन मान्य नहीं किया जावेगा तथा फर्म उन्ही दरों पर सामग्री प्रदाय करने हेतु बंधनकारी होगी।

25. आवश्यकता को ध्यान में रखते हुये लेखन सामग्री (स्टेशनरी) प्रदाय करने की अवधि कम भी की जा सकती है जो कि स्वीकृत दरदाता को मान्य होगी।

26. निविदादाता की फर्म का नाम किसी भी संस्था की काली सूची में होने पर उसकी निविदा मान्य नहीं की जायेगी।

27. लेखन सामग्री (स्टेशनरी) की गुणवत्ता के संबंध में शिकायत पाए जाने पर निविदा निरस्त कर धरोहर राशि राजसात कर ली जावेगी एवं निविदादाता की फर्म को संस्था की काली सूची में डाल दिया जायेगा।

28. सभी निविदादाताओं की धरोहर राशि निविदा स्वीकृत होने की दिनांक के पश्चात् स्वचलित विधि से शासन द्वारा उनके खाते में वापिस कर दी जावेगी। उपरोक्त सभी निविदादाताओं को वापिस की जाने वाली धरोहर राशि पर कोई ब्याज देय नहीं होगा।

29. समस्त प्रक्रिया में अद्योहस्ताक्षरकर्ता का निर्णय अंतिम एवं सभी को मान्य होगा।

30. अद्योहस्ताक्षरकर्ता को जनहित में किसी भी निविदा अथवा समस्त निविदाओं को विना कारण स्वीकार एवं अस्वीकार करने एवं निविदा शर्तों में संशोधन करने का अधिकार होगा।

31. किसी भी निविदा को कारण बताये बिना निरस्त करने का अधिकार अधिष्ठाता, सुंदरलाल पटवा शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, मंदसौर का होगा।

32. निविदाओं के संबंध में अधिष्ठाता, सुंदरलाल पटवा शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, मंदसौर (म.प्र.) कर निर्णय सभी निविदाकारों को मान्य एवं बंधनकारी होगा।



DEAN
Sunder Lal Patwa
Govt. Medical College
MANDSAUR (M.P.)

33. अधिष्ठाता, सुंदरलाल पटवा शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, मंदसौर (म.प्र.) में सप्लाई होने वाली लेखन सामग्री (स्टेशनरी) का नमूना कार्यालय द्वारा पूर्व में सत्यापित किया जायेगा।

34. स्वीकृत निविदाकर्ता का कार्य सन्तोषप्रद नहीं होने पर अनुबंध निरस्त किया जा सकेगा तथा धरोहर राशि राजसात की जा सकेगी।

35. आदेशित सामग्री को सुंदरलाल पटवा शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, मंदसौर (म.प्र.) के केन्द्रीय भण्डार कक्ष में पहुंचाना होगा।

36. क्रय आदेश में दिए गए विवरण अनुसार ही सामग्री स्वीकार की जायेगी क्रय आदेश से भिन्न सामग्री स्वीकार नहीं की जायेगी।

37. निविदा मध्यप्रदेश शासन भंडार क्रय नियमों के तहत आमंत्रित की जा रही है। मध्यप्रदेश भंडार क्रय के सभी नियम लागू होंगे।

38. निविदादाता द्वारा किसी भी तरह की अनुशासनहीनता करने पर उक्त निविदा को निरस्त करने का अधिकार अधिष्ठाता महोदय के पास होगा।

39. निविदाकर्ता को पुलिस अधीक्षक कार्यालय (मुख्यालय) / संबंधित पुलिस थाने से अपना स्वयं का चरित्र सत्यापन निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।

40. किसी भी विवाद, व्यवधान अथवा लागू नियम व शर्तों को समझने दुविधा की स्थिति में मित्रवत शालीन व्यवहार करते हुए अधिष्ठाता, सुंदरलाल पटवा शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, मंदसौर से उनके कार्यालय में चर्चा कर समाधान निकालने का प्रयास करना होगा।

41. स्वीकृत निविदाकार द्वारा किसी भी तरह की अभद्रता करने पर नियमानुसार कानुनी कार्यवाही की जावेगी।

42. किसी भी कानूनी विवाद की स्थिति में न्यायालय मंदसौर होगा।

43. निविदाकार द्वारा तकनीकी निविदा हेतु ऑनलाईन प्रस्तुत किये जाने वाले समस्त दस्तावेज स्पष्ट रूप स्केन कर प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। अस्पष्ट दस्तावेजों की स्थिति में अगर निविदाकार की निविदा समिति द्वारा निरस्त की जाती है, तो उसकी समस्त जिम्मेदारी निविदाकार की होगी।

44. निविदाकार को तकनीकी निविदा हेतु चेक लिस्ट (परिशिष्ट-3) अनुसार समस्त दस्तावेज एवं समस्त दस्तावेजों पर पृष्ठ क्रमांक का उल्लेख कर ऑनलाईन प्रस्तुत करना अनिवार्य है। चेक लिस्ट अनुसार किसी भी दस्तावेज को प्रस्तुत नही करने पर निविदा स्वीकार नही कि जावेगी

अधिष्ठाता
सुन्दरलाल पटवा शासकीय चिकित्सा
महाविद्यालय, मंदसौर

परिशिष्ट -1

## ई-निविदा आवेदन प्रपत्र

(निविदाकर्ता अपने स्वयं के लेटर हेड पर इस प्रारूप में निविदा प्रपत्रों की शर्तोंनुसार प्रस्तुत करें।)

द्वारा:-

मेसर्स.......................................

.............................................

.............................................

प्रति,

अधिष्ठाता

सुंदरलाल पटवा शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, मंदसौर (म.प्र.)

विषय :- सुंदरलाल पटवा शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, मंदसौर (म.प्र.) के महाविद्यालय एवं संबंधित जिला चिकित्सालय में लेखन सामग्री (स्टेशनरी) प्रदाय करने हेतु ।

महोदय,

विषयान्तर्गत हम/मैं सुंदरलाल पटवा शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, मंदसौर (म.प्र.) के महाविद्यालय एवं संबंधित जिला चिकित्सालय मे लेखन सामग्री (स्टेशनरी) प्रदाय करने हेतु ई-निविदा में दर सहित अपनी ई-निविदा आवेदन प्रस्तुत करते है। मुझे /हमें निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न समस्त शर्ते मंजुर है।

1. निविदाकर्ता का नाम...........................................................................................
2. संस्था/कम्पनी का नाम व सील...............................................................................
3. संस्था/कम्पनी का पूर्ण पता.....................................................................................
   मोबाइल नं. .................... कार्यालय फ़ोन नंबर..........................निवास फ़ोन नंबर. ..........................
   फेक्स नं. ............................. ई-मेल.........................................................
4. उपरोक्त कार्य करने का विगत वर्ष का कार्य विवरण (कृपया आवश्यक होने पर अलग से शीट लगाए) .......................................................................................................................
5. आयकर दाता का नम्बर...........................................................................................
6. रजिस्ट्रेशन / दस्तावेजों की छायाप्रति.........................................................................
   फर्म/संस्था रजिस्ट्रेशन की छायाप्रति / जिसमें निविदाकृत कार्य व्यवसाय में प्रदर्शित हैं

## // घोषणा-पत्र //

मैं शपथ पूर्वक घोषणा करता हूँ कि मैंने इस निविदा के समस्त नियम व शर्तों को अच्छी तरह से पढ़ लिया है और मुझे स्वीकार है। मैं वचनबद्ध होता हूँ की, यदि हमारी निविदा मान्य की गई तो मैं/ हम महाविद्यालय एवं चिकित्सालय में लेखन सामग्री (स्टेशनरी) प्रदाय करने का कार्य करने हेतु निविदा के नियमों एंव शर्तों का पालन करूंगा/करेंगें। मेरे द्वारा प्रस्तुत रेट न्यूनतम है तथा मैने इसके अतिरिक्त कहीं और कम दरें नहीं दी गई।

निविदाकर्ता का नाम और हस्ताक्षर मुहर

DEAN
Sunder Lal Patwa
Govt. Medical College
MANDSAUR (M.P.)

## घोषणा-पत्र

शपथ पत्र रू 100/- के नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर मुलतः नोटरी सहित प्रस्तुत करें -

शपथ - पत्र का प्रारूप

1 मैं........................................................................................ (निविदादाता का नाम/फर्म का नाम)

पता....................................................................................................................

शपथ पूर्वक सत्य घोषणा करता हूँ कि मैंने पूर्ण होश एवं ध्यान से निविदा प्रपत्र एवं निविदा प्रपत्र की शर्तें पूर्णतः पढ़ ली है तथा मुझे सभी शर्तें पूर्णतः मंजूर है तथा मेरे द्वारा दी जानकारी / संलग्रक पूर्णतः सत्य है। किसी भी जानकारी के असत्य / गलत पाए जाने पर मेरी निविदा तत्काल निरस्त कर, वैधानिक कार्यवाही करने हेतु सहमति प्रदान करता हूँ।

2. मै / हम भारत के नागरिक है।

3. मैं / हम भारतीय संविदा अधिनियम के अनुसार संविदा के लिये सक्षम हूँ है।

4. मुझे/हमें महाविद्यालय एवं संबंधित जिला चिकित्सालय तथा किसी भी संस्था में सामग्री प्रदाय/विक्रय के लिए म.प्र. शासन के किसी विभाग द्वारा बहिष्कृत नही किया गया। हमारी संस्था को किसी भी शासकीय/अर्द्धशासकीय / स्वशासी संस्था द्वारा काली सूची में नहीं रखा गया है।

5. मै/हम किसी ऐसे कान्ट्रेक्टर जो कि म.प्र. शासन के किसी विभाग द्वारा बहिष्कृत किया गया हो न तो अभिकर्ता हूँ। है और न ही उसके लिय कार्य करता हूँ करता है।

6. मेरे/हमारे द्वारा निविदा की शर्तों के अलावा अन्य कोई शर्ते प्रस्तुत नहीं की गयी है। यदि अन्य कोई शर्त प्रस्तुत की गयी है, तो उसे अमान्य किया जाये।

7. मेरे/हमारे द्वारा इस निविदा में प्रदाय की गई दरे न्यूनतम है।

8. मैं / हम चिकित्सालय महाविद्यालय के किसी भी कर्मचारी से संबधित नहीं है।

   हमारी संस्था के विरूद्ध सी.बी. आई/शासकीय कार्यालय इत्यादि में कोई जाँच लंबित नहीं है।

9. हमारे द्वारा प्रस्तुत की गई दरें न्यूनतम है, इससे कम दरें मेरे द्वारा किसी भी संस्था में प्रस्तुत नहीं की है।

गवाह के हस्ताक्षर

निविदाकर्ता का नाम और हस्ताक्षर

1. गवाह का नाम......................................
   व पता................................................
   ........................................................
   ........................................................

2. गवाह का नाम......................................
   व पता................................................
   ........................................................
   ........................................................

संस्था की सील............................



DEAN
Sunder Lal Patwa
Govt. Medical College
MANDSAUR (M.P.)

# चेक लिस्ट (संलग्न दस्तावेज)

परिशिष्ट -3

तकनीकी बिड हेतु प्रपत्र

निविदाकार द्वारा तकनीकी बिड हेतु ऑनलाईन अपलोड किये जाने वाले अनिवार्य दस्तावेज –

| सं.क्रं . | तकनीकी मापदण्ड हेतु अनिवार्य दस्तावेज | निविदाकार के द्वारा टिक किया जावें । पृष्ठ क्रं. दर्शायें | | | परिक्षण समिति द्वारा टिक किया जावें। | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | पृष्ठ क्र. | हां | नही | हां | नही |
| 1 | धरोहर राशि रूपये 50,000/- ऑनलाईन जमा की रसीद । | | | | | |
| 2 | फर्म संस्था के रजिस्ट्रेशन की स्वप्रमाणित छायाप्रति।/ | | | | | |
| 3 | फर्मसंस्था का जी/.एस.टी. रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र | | | | | |
| 4 | पैन कार्ड की सत्यापित छायाप्रति। | | | | | |
| 5 | वित्तीय वर्ष 2021-22, 2022-23 एवं 2023-के 24 आयकर रिटर्न की स्वयं द्वारा सत्यापित छायाप्रति। | | | | | |
| 6 | वार्षिक टर्न ओवर संबंधि प्रमाण पत्र सी द्वारा जारी। .ए. अंतिम दो वित्तीय वर्ष में से किसी भी एक वर्ष का टर्न ) .ओवर रू15.00 लाख वार्षिक से कम नहीं होना चाहिए ( | | | | | |
| 7 | रूपये राशि के नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर पर 100 निविदा जारी दिनांक के ) नोटरी सहित। :शपथ पत्र मूलत उ | | | | | |
| 8 | शासकीय कार्यालय में लेखन सामग्री प्रदाय (स्टेशनरी) करने संबंधी अंतिम तीन वर्षो में से किन्ही भी दो वर्षो का अनुभव प्रमाण पत्र एवं कार्य आदेश की छायाप्रति। | | | | | |
| 9 | निविदाकार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय संबंधित पुलिस थाने से अपना स्वयं का चरित्र /(मुख्यालय) सत्यापन निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न करना अनिवार्य माह से पुराना नहीं :होगा। जारी चरित्र प्रमाण पत्र छ होना चाहिए। | | | | | |

उक्त समस्त दस्तावेजों पर पृष्ठ क्रमांक का उल्लेख होना आवश्यक है एवं चेक लिस्ट में भी दस्तावेजों के पृष्ठ क्रमांक का उल्लेख करें।

निविदाकर्ता संस्था प्रमुख के हस्ताक्षर ..........................................

निविदाकर्ता संस्था प्रमुख का नाम ..........................................

(स्पष्ट अक्षरों)

संस्था का नाम एवं पूर्ण पता एवं सील ..........................................



DEAN
Sunder Lal Patwa
Govt. Medical College
MANDSAUR (M.P.)